# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 8

## (राजनीतिक विज्ञान)

## अध्याय 5: हाशियाकरण की समझ




**To get notes visit our website**

**[mukutclasses.in](mukutclasses.in)**

# अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1. 'हाशियाकरण' शब्द से आप क्या समझते हैं? अपने शब्दों में दो-तीन वाक्य लिखिए।**
उत्तर: हाशियाकरण का अर्थ है कि समाज में किसी को किनारे कर देना या हाशिये पर ढकेल देना। उन्हें समाज से अलग थलग कर दिया जाता है। उन्हें शिक्षा और संसाधनों तक पहुंच नहीं मिलती है।

**प्रश्न 2. आदिवासी लगातार हाशिये पर क्यों खिसकते जा रहे हैं? दो कारण बताइए।**
उत्तर: आदिवासियों के लगातार हाशिये पर खिसकने के कारण निम्नलिखित है:-

1. विकास के नाम पर उनकी आजीविका का मुख्य स्त्रोत वनों को साफ किया जा रहा है।
2. शिक्षा से वंचित होने के कारण विकास का मूलधारा से नहीं जुड़ पा रहे है।

**प्रश्न 3. आप अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए संवैधानिक सुरक्षाओं को क्यों महत्त्वपूर्ण मानते हैं? इसका एक कारण बताइए।**
उत्तर: बहुसंख्यक समुदाय सरकार को अधिक प्रभावित करता है। ऐसी सूरत में छोटे समुदाय हाशिये पर खिसकते चले जाते हैं। इसलिए अल्पसंख्यक समुदायों को बहुसंख्यक समुदाय के सांस्कृतिक वर्चस्व से बचाने के लिए संवैधानिक सुरक्षात्मक प्रावधानों की आवश्यकता होती है ।

**प्रश्न 4. अल्पसंख्यक और हाशियाकरण वाले हिस्से को दोबारा पढ़िए। अल्पसंख्यक शब्द से आप क्या समझते हैं?**
उत्तर: अल्पसंख्यक शब्द का अर्थ है संख्या में कम होना। अल्पसंख्यक समुदाय ऐसा समुदाय होता है जो बाकी आबादी के मुकाबले संख्या में कम हो।

**प्रश्न 5. आप एक बहस में हिस्सा ले रहे हैं जहाँ आपको इस बयान के समर्थन में तर्क देने हैं कि 'मुसलमान एक हाशियाई समुदाय 'है।' इस अध्याय में दी गई जानकारियों के आधार पर दो तर्क पेश कीजिए।**
उत्तर: मुसलमान एक हाशियाई समुदाय है। इसके पक्ष में निम्नलिखित तर्क है:

1. 6 से 14 साल के 25% बच्चे या तो स्कूल नहीं गए या बीच में ही छोड़ दिया।अन्य धार्मिक समुदायों की अपेक्षा मुसलमानों में साक्षरता दर सबसे कम है।
2. सरकारी नौकरियों में मुस्लिम समुदाय का प्रतिशत अन्य के मुकाबले काफी कम है।

MUKUTclasses

**प्रश्न 6. कल्पना कीजिए कि आप टेलीविजन पर 26 जनवरी की परेड देख रहे हैं। आपकी एक दोस्त आपके नज़दीक बैठी है। वह अचानक कहती है, "इन आदिवासियों को तो देखो, कितने रंग-बिरंगे हैं। लगता है सदा नाचते ही रहते हैं।" उसकी बात सुन कर आप भारत में आदिवासियों के जीवन से संबंधित क्या बातें उसको बताएँगे? उनमें से तीन बातें लिखें।**
उत्तर: मैं अपने दोस्त को आदिवासियों के जीवन से संबंधित निम्न बातें बताउंगा:-

1. आदिवासियों के बीच ऊँच-नीच का फर्क बहुत कम होता है।
2. यह समुदाय जाति वर्ण पर आधारित समुदायों या राजाओं के शासन में रहने वाले समुदायों से बिलकुल अलग होते हैं।
3. वे अकसर अपने पुरखों, गाँव और प्राकृतिक की उपासना करते हैं। प्रकृति से जुड़ी क्जिजों में पर्वत, नदी, पशु आदि शामिल हैं।
4. आदिवासियों में बहुत सारे जनजातिय धर्म होते हैं। उनके धर्म इस्लाम, हिंदुत्व, ईसाई आदि धर्मों से बिलकुल अलग हैं।

(iii) **प्रश्न 7. चित्रकथा-पट्ट में आपने देखा कि हेलेन होप आदिवासियों की कहानी पर एक फिल्म बनाना चाहती है। क्या आप आदिवासियों के बारे में एक कहानी बना कर उसकी मदद कर सकते हैं?**
उत्तर: छात्र स्वयं करें।

**प्रश्न 8. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि आर्थिक हाशियाकरण और सामाजिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए हैं? क्यों?**

उत्तर: हां, इस बात से सहमत हैं कि आर्थिक हाशियाकरण और सामाजिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए हैं। जब किसी समुदाय को सामाजिक रूप से हाशिए पर रखा जाता है तो उसका आर्थिक विकास रुक जाता है। उसे संसाधनों से वंचित कर दिया जाता है। वह समुदाय आर्थिक हाशियाकरण की तरफ चला जाता है। इसी प्रकार जब कोई समुदाय आर्थिक रूप से कमजोर है तो उसे सामाजिक रूप से बराबर हैसियत नहीं मिलती है। अतः आर्थिक और सामाजिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए हैं।

MUKUTclasses